CBSE Class–3 Hindi
NCERT Solutions
रिमझिम पाठ- 6. हमसे सब कहते हैं

नया शीर्षक

प्रश्न- अगर तुम्हें इस कविता का नाम बदलने को कहें तो तुम इसे क्या नाम दोगे?
उत्तर- अगर हमें इस कविता का नाम बदलने को कहा जाए तो हम इसे 'भेदभाव' या 'टोकाटाकी' नाम देंगे|

प्रश्न- पाठशाला में और घर में तुम्हे क्या-क्या करने के लिए कहा जाता है और क्या-क्या करने के लिए मना किया जाता है| नीचे वाली तालिका में लिखों|
उत्तर-

करो	मत करो
साफ़-सुथरा रखो मैदान या पार्क में खेलो फूल मत तोड़ो	कागज़ या फलों के छिलके इधा-उधर मत डालो दीवारों पर न लिखो नियमों का पालन करो

ज़रा-सोचो

प्रश्न- सूरज चाँद की रोशनी को भगा देता है
बादल सूरज की रोशनी को भगा देता है
हवा बादल को भगा देती है, बताओ, कौन किससे ज्यादा ताकतवर है|
उत्तर- सभी में सूरज सबसे ताकतवर है, क्योंकि चाँद तो सूर्य के प्रकाश में चमकता है| यदि वह चाँद के प्रकाश को भगा देता तो सूरज ही सदा निकला रहता | बादल सूर्य को थोड़े समय के लिए ही ढकता है क्योंकि हवा उसे उड़ाकर ले जाती है| सूर्य की रोशनी फिर आ जाती है| हवा का सूर्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है|

तुम्हारी बात

प्रश्न- अम्मा, पापा, भैया, दीदी सभी बड़ों का बच्चों पर बस चलता है|
***तुम्हारा किस-किस पर बस चलता है?**
उत्तर- हमारा खिलोने आदि पर बस चलता है| उन्हें हम तोड़-फोड़ भी लेते हैं|

***तुम्हारे घर में तुम्हे कौन-कौन टोकता रहता है?**
उत्तर- हमें दादा-दादी, पापा-मम्मी, बड़े भाई-बहन सभी टोकते रहते हैं|

***किन-किन बातों पर तुम्हें अकसर टोका जाता है?**

उत्तर- दीवार पर लिखने, गंदगी फैलाने, खिलौने को तोड़ने, घर पर शोर मचाने और फूल तोड़ने आदि पर टोका जाता है|

कौन सी चीज़ कहाँ

शालू को बहुत-सी चीजों के नाम आते हैं| उसने नामों को लिखकर पट्टी भर ली| वे नाम मैंने नीचे लिख दिए हैं|

शालू की सूची

शक्कर, कबड्डी, पपीता, मार-कुटाई, लोमड़ी, गुलाबजामुन, शेर, ककड़ी, शतरंज, बल्ला, मगर, लड्डू, गाय, बेर, पेड़ा, बकरी, गिल्ली, कबूतर, पतंग, मसाला, लट्टू, तोता, शहतूत, चटनी|

प्रश्न- अब शालू यह सोच रही है की किस नाम को किस खाने में लिखना है| क्या तुम उसकी मदद कर सकती हो?

उत्तर-

अक्षर	जानवर या पक्षी	खाने-पीने का सामान	खेल का नाम या सामान
ब	बकरी	बेर	बल्ला
म	मगर	मसाला	मार -कुटाई
क	कबूतर	ककड़ी	कंकड़
ल	लोमड़ी	लड्डू	लट्टू
प	पांडा	पपीता	पतंग
ग	गाय	गुलाब -जामुन	गिल्ली
श	शेर	शक्कर	शतरंज

प्रश्न- ऐसे ही खेल तुम और अक्षरों के साथ खेल सकते हो| अलग तरह के खाने भी बना सकते हो- जेसे 'ट' से शुरू होने वाली गोल या लाल चीज़|

अब हर एक खाने के नाम वर्णमाला के हिसाब से एक कम्र से लगाओ-

उत्तर-

जानवर या पक्षी कबूतर, गाय, तोता, बकरी, मगर, लोमड़ी, शेर
खाने पीने का समान ककड़ी, गुलाब-जामुन, चटनी, पपीता, पेड़ा, बेर, मसाला, लड्डू, शक्कर, शहतूत
खेल का नाम समान कबड्डी, गिल्ली, पतंग, बल्ला, लट्टू, शतरंज|

प्रश्न- 'हमसे सब कहते' कविता में जिन लोगों, चीजों और जगहों के नाम आए हैं, उन्हें नीचे दी गई तालिका में लिखो|

उत्तर-

लोग	चीज़	जगह
भैया अम्मा		

पापा सूर्य चाँद बादल हवा हम	धूप चाँदनी जलधार खिलौने	यहाँ अंदर घर-भर बाहर

आओ, अब इन चित्रों से एक नई कहानी बनाएँ|

चालक कौआ

एक बार एक भूखे कौए को एक रोटी मिली|

कौए के पास रोटी देखकर, लोमड़ी का मन ललचाया| वह कौए से रोटी लेने का सोचने लगी|

लोमड़ी बोली-कौए भाई तुम तो इतना अच्छा गाते हो! आज मुझे भी एक गाना सुनाओ|

कौआ चतुर था| उसने रोटी को अपने पंजे में दबाया और बोला- मैं सब समझता हूँ| लोमड़ी बहन! तुम्हें रोटी नहीं मिलेगी|

लोमड़ी बुरा-सा मुँह बना कर चली गई|

और कौआ मज़े से रोटी खाने लगा|